(घ) राष्ट्रीय व्यावहारिक अर्थ अनुसंधान परिषद ने भारतीय अर्थ व्यवस्था की समीक्षा करते हुये यह पाया है कि खाद्यान्नों का उत्पादन लक्ष्य से कम हो सकता है। संबंधित उत्पादन परिदृश्य में उनकी आशंका का कारण उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि का असर है।

(ङ) जी, नहीं। वर्तमान वर्ष के दौरान उर्वरकों की खपत पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होने की आशा है।

(च) यह प्रश्न नहीं उठता।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर के निदेशक का निलम्बन

2585. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :**
डा० बापू कालदाते :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर के निदेशक को किन आरोपों के आधार पर निलम्बित किया गया था ;

(ख) क्या यह सच है कि केन्द्रीय जांच ब्यरो ने विभिन्न आरोपों पर मामले दर्ज किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त व्यक्ति को उस संस्थान में उसी पद पर बहाल कर दिया गया है ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि उक्त निदेशक उन अधिकारियों और वैज्ञानिकों को तंग कर रहा है जिन्होंने उसके कदाचारों को उजागर किया था?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी०लेंका) : (क) महोदय, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के निदेशक को निलम्बित कर दिया गया था क्योंकि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई थी।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, हां ; केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने अपने दिनांक 31-10-90 के आदेश संख्या ओ० ए० 1990 के अनुसार भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा० पी० एन० भट के निलम्बन को रद्द कर दिया है।

(घ) भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के कुछ अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों के निदेशक द्वारा उन्हें कथित रूप से तकलीफ दिए जाने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

Use of Pesticide

2536. SHRI N. E. BALARAM:
DR. Z. A. AHMAD:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that lack of scientific approach in the matter of safe use of pesticide, has resulted in higher quantity of malathion and lindane residue in food stuffs and similarly higher level of dieldrin residue in the milk;

(b) whether DDT and BHC residue in butter are also much above tolerance limit;

(c) if so, the details thereof;

(d) whether Government are aware of the long-term effect of these on the health of people; and

(e) if so, what steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPALLY RAMACHANDRAN): (a) to (c) Extension functionaries both at the Centre and State Governments impart training at various levels to ensure that scientific approach is adopted on safe and judicious use of pesticides. This include safe interval required to be observed between the last spray and harvest of the produce to ensure that pesticides residues in food stuffs are within the